Regarding request to expedite the completion of the Talcher Fertilizer Plant

श्री रुद्र नारायण पाणी (धेन्कानल) : धन्यवाद सभापति जी । एक सेंसिटिव इश्यू आ गया, इसलिए बालू साहब को आपने मौका दे दिया । बाद में शशि थरूर जी और गौरव गोगोई जी को भी मौका दिया । आज की पब्लिश्ड लिस्ट में मेरा नाम एक नंबर पर है । मैं तैयार बैठा था । यह ठीक है कि अपोजीशन हंगामा करता है । यह सब हम कर चुके हैं । मैं वर्ष 2004 में राज्य सभा का मेंबर था । हंगामा दो बार किया, तीन बार सरकार बनी । तीन बार फेल होकर भी ये हंगामा करते हैं, ये कितनी बार फेल होंगे?

माननीय सभापति **:** आप कृपया अपनी बात रखें ।

श्री रुद्र नारायण पाणी **:** सर, संयोग की बात करें । मद्रास फर्टिलाइजर लिमिटेड के बारे में एक दिन राज्य सभा में डिस्कशन हो रहा थामैंने।उसी दिन तलचर फर्टिलाइजर लिमिटेड के लिए मुद्दा उठाया था । तलचर, ओडिशा में फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया नामक खाद का एक यूनिट था । 70 के दशक में इंदिरा जी के टाइम में यह शुरू हुआ था । गलत परिचालन के कारण एफसीआई बंद हो गया । मैंने बार-बार इस मुद्दे को उठाया, जब मैं अपोजीशन में था । मोदी सरकार आने के बाद वर्ष 2014 को ज्वाइंट वेंचर का चिन्तन किया गया । तलचर फर्टिलाइजर लिमिटेड नाम से खाद का कारखाना निर्माणाधीन है । उस काम के पूर्ण होने में विलंब हो रहा है, जो मेरा मुद्दा है । 22 सितम्बर, 2018 को माननीय प्रधान मंत्री, मोदी जी वहां गए थे । तब अनंत कुमार खाद मंत्री थे । श्री धर्मेंद्र प्रधान जी के गांव के पास वह यूनिट है । वर्ष 2021-22 तक काम पूरा होने के लिए कहा गया था । भिन्न-भिन्न कारणों से काम में देरी हो रहा है । इस बार लोक सभा आने के बाद मैंने दो-तीन बार इस मुद्दे को उठाया है । श्री जेपी नड्डा जी ने भी इसे संज्ञान में लिया है । मेरा निवेदन है कि साल भर के भीतर तलचर फर्टिलाइजर यूनिट को तेजी से पूरा किया जाए ।

दूसरा, फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के समय जितने भी कर्मचारी थे, उनके परिवारजन को यदि नौकरी में थोड़ा अग्राधिकार दिया जाए और ग्रामीण व स्थानीय लोग, जिन्होंने अपनी जमीनें दी हैं, उनको वर्तमान नियुक्ति प्रक्रिया में थोड़ा अग्राधिकार दिया जाए । इसके लिए संवेदनशील मोदी सरकार विचार करेगी, ऐसी मेरी प्रार्थना है । धन्यवाद ।